## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात की। भाजपा ने जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं की गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की मांग दोहराई है। प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार 48 घंटे के भीतर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे एक हजार छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लेती, तो भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

**************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मान्यता प्राप्त दलों के बीएलए अब प्रतिदिन अधिकतम 10 मतदाता आवेदन सामूहिक रूप से बीएलओ को सौंप सकते हैं। इसके लिए लिखित घोषणा अनिवार्य होगी। उन्होंने सभी दलों से वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में सहयोग की अपील की है।

**************************

कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि झारखंड के गोड्डा जिले में एसआईआर के तहत फॉर्म 7 का उपयोग कर अल्पसंख्यक मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**************************

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने एसआईआर पर विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट का विशेष पुनरीक्षण एक संवैधानिक प्रक्रिया है। प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि वे बिहार की तरह यहां भी वोट चोरी का झूठा दावा कर रहे हैं।

**************************

जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में जेल में बंद आयोग के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्य सचिव एल. ख्यांग्ते की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले पर 5 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगी। सीआईडी ने ख्यांग्ते पर परीक्षा आयोजित करने वाली कंपनी टीडीपीएल से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये कमीशन लेने का आरोप लगाया है, जबकि बचाव पक्ष ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

**************************

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर इरफान अंसारी ने सभी मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में 10–10 बेड का आइसोलेशन वार्ड आरक्षित करने का आदेश दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने आम जनता से पैनिक न होने और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील की है।

**************************

हजारीबाग में सड़कों की जर्जर स्थिति और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निजी कोष से गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर बुनियादी सुविधाएं न देने का आरोप लगाया है।

**************************

चतरा शहर के केशरी चौक पर जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम के सामने एक महिला ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। महिला को बचाने के प्रयास में उनका बेटा और एक पुलिस एएसआई भी झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसी महिला को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया है।

**************************

लोहरदगा में आजीविका कैडरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांसद सुखदेव भगत के आवास पर महाजुटान किया। सदस्यों का कहना है कि वे साल 2016–17 से जेएसएलपीएस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं, इसलिए उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।

**************************

सरायकेला–खरसावां में खाद और बीज की कथित कालाबाजारी के खिलाफ आदिवासी किसान मजदूर पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील गागराई के नेतृत्व में आज एसडीओ को मांगपत्र सौंपकर यूरिया और डीएपी की तय कीमत से अधिक वसूली पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी ने मांगें पूरी न होने पर पूरे कोल्हान क्षेत्र में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

**********समाप्त**********